हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
18 मई 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में चुनावी दौरे के तहत अम्बाला और सोनीपत में विजय संकल्प रैलीयों को किया संबोधित।
- नूंह ज़िले में कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेस वे पर बस आग हादसे में 10 लोगो की मृत्यु और दो दर्जन से अधिक घायल, मुख्यमंत्री ने जताया शोक और जाँच के दिए आदेश।
- हरियाणा स्कूल शिक्षा निदेशायल ने प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में पहली से तीस जून तक गर्मी की छुट्टिओं की घोषणा की।
- भारतीय सेना का बुग्याल फाचु कांडी ट्रैकिंग अभियान की हुई शुरुआत।

.................................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अंबाला और सोनीपत में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। उन्होंने अंबाला में अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा का मतलब है हिम्मत और हौंसला। प्रधानमंत्री अंबाला में भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंचे और इसके बाद सोनीपत के बीजेपी के प्रीताशी मोहनलाल बड़ोली के लिए प्रचार किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित अन्य भाजपा नेता और कई लोकसभा प्रत्याशी भी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री ने भारी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री बनते ही सैनिकों, किसानों के साथ-साथ सभी के हक के लिए निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि वे विकसित भारत का संकल्प लेकर निकले हैं। सैनिकों को वन रैंक, वन पेंशन देने का काम किया। उन्होंने कहा कि पहले हमारे सैनिकों के पास जूते और बुलेटप्रूफ जैकेट नहीं मिलते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय घोटालों का बोलबाला था, पर अब भारत की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया है व सेना को मेड इन इंडिया के हथियार मिल रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर सैनिकों के साथ-साथ किसानों को फसलों का सही मूल्य देने और गन्ना किसानों के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप भी लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में लगभग बीस करोड़ रूपये का एमएसपी पर अनाज किसानों से खरीदा गया है,

जबकि कांग्रेस ने सिर्फ सात लाख, तीस हजार करोड़ का अनाज एमएसपी पर खरीदा। अब किसानों के बैंक खातों में सीधा पैसा जमा होता है।

सोनीपत में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस देश विरोधी एजेंडा लेकर आई है और कांग्रेस फिर से धारा 370 लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि मुकाबला जब सत्य और असत्य के बीच हो तो विजय सत्य की होती है। उन्होंने कहा कि देश की संपत्ति पर गरीबों का हक है और यह मोदी का दौर है व विकास का दौर जारी है।

..........................................................................................

हरियाणा में छठे चरण में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा एक नई पहल की गई है, जिसमें स्कूली बच्चों को जोड़ा गया है और उन्हें नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल के तहत बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी होगी। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपये, 5 हजार रुपये और 2.5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल के तहत जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए https://www.ceoharyana.gov.in/ पोर्टल पर एक लिंक विकसित किया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा। प्रातः 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाना है बल्कि स्कूली बच्चे, जो भावी मतदाता बनेंगे, उन्हें अभी से मतदान अधिकारों के प्रति सजग करना है।

..........................................................................................

आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करते हुए गुरूग्राम जिला प्रशासन ने अब तक 20 हजार 104 लीटर अवैध शराब बरामद उड़न दस्ते पुलिस के साथ मिलकर लगातार जांच अभियान छेड़े हुए है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 50 हजार से ज्यादा कैश लेकर चलने पर कार्यवाही की जाएगी।

..........................................................................................

कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने आज चंडीगढ़ स्थित हरियाणा कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनावों में देश में मोदी लहर नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा 400 पार का नारा गलत साबित होगा व भाजपा को 300 से कम सीटें प्राप्त होंगी। पवन खेड़ा ने अग्निवीर योजना की निंदा करते हुए कहा कि ये वीरों की धरती है और अग्निवीर योजना में युवाओं को चार साल में रिटायर्ड किया जा रहा है जो सही नहीं है। उन्होंने भाजपा पर किसानों, खिलाड़ियों के मुद्दे पर सियासत करने का आरोप भी लगाते हुए कहा कि अब देश के लोगों ने संविधान बचाने व इंडिया गठबंधन को जीताने का मन बना लिया है।

.............................................................................................

नूंह जिले के तावडू उपमंडल की सीमा से गुजर रहे कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर बीती देर रात श्रद्धालुओं से भरी बस में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिस में दस लोग जिंदा जल गए जबकि दो दर्जन से अधिक बुरी तरह झुलस गए जिन्हें अलग अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। चलती बस में आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास करते हुए पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। हादसे के शिकार लोग पंजाब और चंडीगढ़ के रहने वाले बताए गए हैं जो मथुरा और वृंदावन दर्शन कर लौट रहे थे। बस में लगभग 60 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों ने जान गंवाई है। 17 लोगों में से दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है।

राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉक्टर मुकेश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अब तक उनके अस्पताल में दस लोगों के शव मोर्चरी में आ चुके हैं। इसके अलावा कुल 20 लोग आए हैं, जिनमें से 17 लोगों उपचारधीन है। पुलिस उपाधीक्षक अजायब सिंह ने जानकारी दी की हादसे में दस लोगों की जान गई है तथा 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।

नूंह में हुए हादसे पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गहरा शोक जताते हुए मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

आज करनाल में पत्रकारों से बातचीत में नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी मिली है और हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच के बाद ही पता चलेगा कि इसके पीछे क्या कारण रहे। गौरतलब कि इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है जबकि काफी लोग घायल भी बताए जा रहे हैं।

.............................................................................................

हरियाणा स्कूल शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 1 जून से 30 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान सभी स्कूल बंद रहेंगे। इसके बाद ,सभी स्कूल पूर्व के वर्षों की भांति 1 जुलाई 2024 से खोले जाएंगे। निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारी, मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे उक्त निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करें।

.................................................................................

सप्त शक्ति कमांड के डॉट ऑन टारगेट डिवीजन की चौदह सदस्यीय टीम ने चुनौतीपूर्ण बुग्याल फाचू कांडी (8936 फीट) ट्रैकिंग अभियान प्रारम्भ किया। बारह दिनों तक चलने वाला यह कठिन ट्रैकिंग अभियान उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री घाटी में किया जाएगा। फाचू कांडी पास में मुख्य 3 ट्रैक, जिसमें फुलारा रिज ट्रैक, सरू ताल ट्रैक और फाचू कंडी पास शामिल है।

यह अभियान उत्तरकाशी के मोरी से शुरू होकर 156 किमी की दूरी तय करके फाचू कांडी शिखर पर समाप्त होगा। इस टीम में दो कमीशंड अधिकारी, दो जूनियर कमीशंड अधिकारी और दस अन्य रैंक शामिल हैं जिसका नेतृत्व कैप्टन श्रित मिश्रा कर रहे है।

इस अभियान को 18 मई 2024 को हिसार छावनी में डॉट ऑन टारगेट डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अमित तलवार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्वतारोहण एक साहसिक गतिविधि के रूप में भारतीय सेना द्वारा नियमित रूप से किया जाता है। यह हमारे सैनिकों में वीरता, भाईचारा और लचीलापन पैदा करता है।

.................................................................................